

पेयजल मंत्री अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### खोदी गई सड़कों का कार्य तेजी से पूर्ण करें: डीएम

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी/मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मार्ट सिटी लि0 डॉ आर राजेश कुमार ने स्मार्ट सिटी परियोजना के अधिकारियों को स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत हो रहे निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ प्रगति बढाने को कहा तथा निर्माण कार्यों के लिए खोदी गई सड़कों तेजी से कार्य पूर्ण करते हुए समतलीकरण एवं गड्ढामुक्त करें ताकि जनमानस को किसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजना पर कार्य करें जिससे जनमानस को सहूलियत हो।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 सितम्बर को

**संवाददाता**

देहरादून। सिविल जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नेहा कुशवाहा ने अवगत है कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार दून की समस्त न्यायालयों में समस्त प्रकृति के मुकदमों का सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण किये जाने हेतु 11 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें फौजदारी के शमनीय वाद, राजस्व सम्बन्धित वाद, धारा 138 एन.आई.एक्ट से सम्बन्धित वाद, विधुत एवं जलकर बिलों के मामलें, मोटर दुर्घटना प्रतिकर सम्बन्धित वाद, के आधार पर निस्तारित हो सके।

### जेके टायर के वित्त वर्ष 2022 की पहली तिमाही में शानदार परिणाम

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय टायर उद्योग की प्रमुख जेके टायर एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (जेके टायर) ने वित्तीय वर्ष 2021–22 की पहली तिमाही के दौरान शानदार परिणाम पेश करते हुए 2618 करोड़ रूपये की शुद्ध आय पर कर पश्चात 44 करोड़ रूपये का लाभ दर्शाया है। कम्पनी द्वारा अर्जित 2618 करोड़ रूपये की आय 130 प्रतिशत ज्यादा है। वर्ष दर वर्ष पर एबिडिटा भी महत्वपूर्ण वृद्वि के साथ 289 करोड़ रूपये के हो गये। उक्त तिमाही में कर पूर्व लाभ 75 करोड़ रूपये का एवं कर पश्चात लाभ 44 करोड़ रूपये का रहा है।

### स्टील एक्सचेंज इंडिया ने शानदार परिणाम घोषित किए

**संवाददाता** देहरादून। स्टील एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड ने जून 30,2021 को समाप्त तिमाही के लिए उत्कृष्ट परिणामों की घोषणा की, जहां कुल आय 9909.22 लाख रुपये के मुकाबले बढ़कर 26313.88 लाख रुपये हो गई। शुद्ध लाभ भी रुपये 81.59 लाख से रु. 797.87 लाख हो गया। प्रति शेयर आय भी रुपये 0.11 से 1.02 रुपये बढ़ी। साथ ही कंपनी ने इस तिमाही में रुपये 3106 लाख का एबिटडा पोस्ट किया है।

# आवंटित धनराशि के उपयोग में वित्तीय नियमों का कड़ाई से हो अनुपालन

**समीक्षा**

- सीएम पुष्कर सिंह धामी ने की विभाग की समीक्षा
- स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली योजनाओं पर दिया जाए विशेष ध्यान

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के वित्तीय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने, आय के संसाधनों को बढ़ाने, राजस्व हानि रोकने के प्रयासों के साथ ही बजट के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु कारगर प्रयासों की जरूरत बतायी है। राज्य से गरीबी, बेरोजगारी एवं पलायन से मुक्ति के लिये संतुलित एवं समावेशी विकास पर भी ध्यान देने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये है। राज्य की वार्षिक विकास दर, औद्योगिक विकास दर, कृषि एवं सम्बद्ध विकास दर को बढ़ाने के प्रयासों पर भी उन्होंने ध्यान देने को कहा है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव, सचिव वित्त, वित्त के विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ राज्य की वित्तीय स्थिति की समीक्षा की। सचिव वित्त अमित नेगी ने व्यापक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य की वित्तीय स्थिति आय–व्ययक आदि से सम्बन्धित विषयगत जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि राजय का इस वर्ष का बजट 58 हजार करोड़ है। मुख्यमंत्री ने राज्य में आय के संसाधनों तथा पूंजी निवेश को बढ़ाने के प्रयासों पर बल देते हुए कहा कि कोविड 19 के दृष्टिगत वित्तीय स्थिति पर भी इसका प्रभाव पड़ा है। बावजूद इसके बेहतर वित्तीय प्रबंधन के द्वारा हमें इस स्थिति में सुधार लाने के प्रयास करने होंगे।

मुख्यमंत्री ने आय के संसाधनों को बढ़ावा देने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन, राज्य के 70 प्रतिशत वन भूमि से वन उपज आदि को आय के संसाधनों से जोड़ने, खनन की व्यवहारिक नीति बनाने, कर राजस्व आदि पर ध्यान देने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जिन योजनाओं के लिये केन्द्र से वित्तीय मदद मिलनी है उनके प्रस्ताव तैयार किये जाए। उन्होंने उ0प्र0 से परिवहन, ऊर्जा एवं अन्य विभागों से सम्बन्धित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ एस. एस. संधु, अपर मुख्य सचिव मनीषा पंवार, आनन्द वर्द्धन, अपर प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, विशेष सचिव पराग मधुकर धकाते, प्रभारी सचिव वी षणमुगम, अपर सचिव अरूणेन्द्र सिंह चौहान, अमिता जोशी सहित कोषागार, ऑडिट, पेंशन स्टेट जी.एस.टी. स्टाम्प रजिस्ट्रेशन, रजिस्ट्रार सोसायटी आदि विभागों के उच्चाधिकारियों मौजूद रहे।

### पेजयल समस्या वाले क्षेत्रों को चिन्हित किया जाएः पेयजल मंत्री

देहरादून। प्रदेश के पेयजल मंत्री बिशन सिंह चुफाल ने पेयजल विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिए कि बरसाती जल स्रोत द्वारा टैंक के माध्यम से जल संग्रह कर पेयजल हेतु उपयोग किया जाय। इस सम्बन्ध में उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत चलायी जाने वाली योजना के अतिरिक्त ग्राम पंचायत के माध्यम से पेयजल मद के योजना का उपयोग करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि इस योजना के तहत ग्राम पंचायत के माध्यम से उन क्षेत्रों को चिन्हित कर लिया जाय जहॉ पेयजल की समस्या है अथवा पानी का स्रोत नही है। पंचायत के माध्यम से इस कार्य के लिए लगभग 300 करोड रूपये के बजट का उपयोग किया जायेगा। पहाडी क्षेत्र में 08–10 किलों के बीच बहुत से स्थान है जहॉ जल स्रोत नही है या पेयजल की समस्या है। ऐसे क्षेत्रों में बरसाती जल स्रोत का उपयोग ढाई लाख लीटर क्षमता वाले टैंक में संग्रह कर साफ सफाई के बाद बरसात के बाद भी पेयजल हेतु उपयोग किया जायेगा।

# स्मार्ट सिटी के कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द किए जाएं: डीएम

**निरीक्षण**

- जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी/मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मार्ट सिटी लि0 डॉ आर राजेश कुमार ने आज स्मार्ट सिटी के कन्ट्रोल रूम सहस्त्रधारा रोड आईटी पार्क में स्मार्ट सिटी परियोजना के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक से पूर्व जिलाधिकारी/मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कन्ट्रोलरूम का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



जिलाधिकारी/मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मार्ट सिटी लि0 ने स्मार्ट सिटी कन्ट्रोलरूम में लगाये गये मॉनिटिरिंग सिस्टम के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि वर्तमान समय में शहर के 129 स्थानों पर पर स्मार्ट सिटी लि0 के कैमरों द्वारा नजर रखते हुए मॉनिटरिंग की जा रही है, जिसमें 49 स्थानों पर ई चालन की व्यवस्था बनाई गई है। जिसमें मुख्यतः यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले, ओवर स्पीड, गलत दिशा में वाहन चलाना, यातायात सिग्नल तोड़ने, नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने वालो पर नजर रखी जा रही है तथा शेष स्थानों को भी ई–चालान प्रक्रिया से जोड़ने की प्रक्रिया गतिमान जिस पर जिलाधिकारी ने मॉनिटिरिंग सिस्टम को व्यवहारिक बनाते हुए सिग्नल तोड़ने वालो, ओवर स्पीड, गलत दिशा में वाहन चलाने, नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने तथा मॉनिटिरिंग के दौरान यदि किसी व्यक्ति की गतिविधि संदिग्ध लगा रही हैं इसकी तत्काल सूचना पुलिस विभाग को दी जाय। उन्होंने कहा कि तकनीकी का इस प्रकार इस्तेमाल किया जाय कि समय रहते किसी समस्या से निपटा जाय ताकि दुर्घटना/ घटना घटित होने के बाद। उनकी मॉनिटिरिंग की जा सके। उन्होंने कहा कि शहर में प्रमुख स्थानों, सड़कों मौहल्लों में और अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाते हुए इसके मॉनिटिरिंग के लिए स्टाफ भी बढायें।

### वित्तीय स्वीकृति दिलाने पर स्पीकर का आभार व्यक्त किया

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भट्टोंवाला ग्राम सभा में राज्य योजना के अंतर्गत लगभग 2 करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से आंतरिक सड़क मार्गो के निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति प्राप्त कराए जाने को लेकर विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल का भट्टोंवाला के स्थानीय लोगों ने फूलमाला पहनाकर विशेष आभार व्यक्त किया। बता दें कि ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा भट्टोंवाला के वार्ड नंबर 3 व 7 में 3.7 किलोमीटर आंतरिक मार्गों का निर्माण 213.17 लाख रुपए की लागत से किया जाना है जिसकी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। भट्टोंवाला के स्थानीय लोगों ने भारी संख्या में विधानसभा अध्यक्ष के कैंप कार्यालय पहुंचकर अग्रवाल का फूल मालाओं से जोरदार अभिनंदन किया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।